Published Date:	2 Aug 2018	Publication:	Daily Hindi Milap (Hindi)
Edition:	Hyderabad	Page No:	4
MAV/CCM:	109980/54.99	Circulation:	45322

टीसीएस विज में डीपीएस के विद्यार्थी बने विजेता

हैदराबाद, 1 अगस्त
(श्रद्धा विजयलक्ष्मी)

टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा तकनीकी आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता टीसीएस आईटी विज-2018 के हैदराबाद संस्करण का आज भारतीय विद्या भवन, किंग कोठी में आयोजन किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, तकनीकी के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जानकारियों पर जागरूकता आधारित प्रतियोगिता के हैदराबाद संस्करण में हैदराबाद के अलावा गुंटूर, कर्नूल तथा कोडाद की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया। पाँच चरणों में आयोजित प्रतिस्पर्धा में दिल्ली पब्लिक स्कूल के वत्सल गर्ग तथा जॉयदीप के. भट्टाचार्या को विजेता घोषित किया गया। उन्हें ट्राफी, पदक के अलावा 60,000 का गिफ्ट वाउचर प्रदान किया गया। रनरअप माधव पब्लिक स्कूल के छात्र के. धनुष तथा यू. लक्ष्य सिद्धि रहे, जिन्हें ट्राफी, पदक के अलावा 40,000 का गिफ्ट वाउचर प्रदान किया गया। इसके अलावा क्षेत्रीय फाइनल राउंड तक पहुँची अन्य छह टीमों को सात्वंना पुरस्कार प्रदान किये गये। विजेताओं को क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, हैदराबाद डॉ. ई. विष्णुवर्धन रेड्डी तथा टीसीएस के क्षेत्रीय प्रमुख वी. राजन्ना द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विजेताओं को टीसीएस आईटी विज-2018 फिनाले में शहर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि टीसीएस आईटी विज को 11 अन्य शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, इंदौर, कोच्ची, कोलकाता, मुबंई, नागपुर तथा पुणे में संचालित किया जाएगा।